संख्या–2564 / आठ–1–06–58विविध / 06

प्रेषक,

के.एल.मीना
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– **आवास आयुक्त,**
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद
लखनऊ।

2– **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊ : दिनांक 04 मई, 2006**

विषय : प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से आवासीय योजनाओं के लिये भूमि अर्जन एवं विकास की नीति (इण्टीग्रेटेड टाउनशिप) के कियान्वयन की स्थिति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश दिनांक 21–05–05 द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में निजी पूँजी निवेश के माध्यम से आवासीय योजनाओं के लिए भूमि अर्जन एवं विकास की नीति (इण्टीग्रेटेड टाउनशिप) घोषित की गयी है तथा उक्त नीति के कियान्वयन हेतु प्रकियाओं का निर्धारण भी शासनादेश दिनांक 29–12–05 द्वारा किया जा चुका है। नीति के कियान्वयन से संबंधित उक्त शासनादेश के साथ डेवलपमेंट एग्रीमेंट (बल्क सेल लैण्ड एलाटमेंट मॉडल), डेवलपमेंट एग्रीमेंट (लाइसेंस मॉडल), पंजीकरण प्रारूप भी उपलब्ध करा दिये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत नीति के कियान्वयन में आने वाली बाधाओं तथा उनके निराकरण का समाधान / स्पष्टीकरण भी शासनादेश दिनांक 28–04–06 द्वारा निर्गत किया जा चुका है, किन्तु शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि अभी तक प्रश्नगत नीति के कियान्वयन के संबंध में अभिकरणों द्वारा संतोषजनक कार्यवाही नहीं की जा रही है। यह स्थिति आपत्तिजनक एवं खेदपूर्ण है।

2– अतः अनुरोध है कि कृपया नीति के कियान्वयन की सूचना संलग्न प्रारूप में एक सप्ताह के अन्दर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथेपरि।

भवदीय

के.एल. मीना

सचिव

संख्या–2564(1)/आठ–1–06, तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

2– अध्यक्ष, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।

3– नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।

4– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

शिव जनम चौधरी

अनु सचिव

बल्क सेल आवंटन पद्धति से संबंधित प्रारूप

इण्टीग्रेटेड टाउनशिप हेतु अब तक प्राप्त प्रस्ताव	प्राप्ति की तिथि	चयनित प्रस्तावों की संख्या	विकासकर्ता कम्पनियों के नाम	विकासकर्ता कम्पनियों द्वारा मॉगी गयी भूमि का क्षेत्रफल	अभिकरण द्वारा की गयी कार्यवाही
1	2	3	4	5	6
			1— 2— 3— 4— 6—		

लाइसेंस पद्धति से संबंधित प्रारूप

इण्टीग्रेटेड टाउनशिप हेतु अब तक प्राप्त प्रस्ताव	प्राप्ति की तिथि	चयनित प्रस्तावों की संख्या	विकासकर्ता कम्पनियों के नाम	विकासकर्ता कम्पनियों द्वारा मॉगी गयी भूमि का क्षेत्रफल	अभिकरण द्वारा की गयी कार्यवाही
1	2	3	4	5	6
			1— 2— 3— 4— 6—		